**25.** Read Assertion (A) and Reason (R) and answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The Shariat Act, 1937 makes Muslim law applicable expressly to all Muslims.

**Reason (R) :** The Act has abrogated almost all the customs (except relating to agricultural land) applicable to Muslims.

**Codes :**

(1) (A) is right but (R) is wrong.
(2) Both (A) and (R) are wrong.
(3) (R) is right but (A) is wrong.
(4) Both (A) and (R) are right and (R) is the correct reason of (A).

**26.** The remedy of Restitution of Conjugal Rights has its roots in

(1) Jewish Law
(2) French Law
(3) English Law
(4) Indian Law



For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)
www.linkinglaws.com

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**23.** सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

| | **सूची – I (वेद)** | | **सूची – II (संबंधित है)** |
|---|---|---|---|
| (a) | यजुर्वेद | (i) | प्रकृति की शक्तियों की प्रशंसा |
| (b) | सामवेद | (ii) | जादू, मंत्र और झाड़फूँक |
| (c) | अथर्ववेद | (iii) | अनुष्ठान |
| (d) | ऋग्वेद | (iv) | नृत्य |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**24.** मुता विवाह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से कथन सही है/हैं ?

(a) यह एक अस्थायी विवाह है ।

(b) यह सुन्नी विधि के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है ।

(c) यह शिया विधि के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है ।

(d) यह नियत अवधि के लिए विवाह है ।

**कूट** :

(1) केवल (a), (c) और (d) सही हैं ।

(2) केवल (b), (c) और (d) सही हैं ।

(3) सिर्फ (b) सही है ।

(4) (a), (b), (c) और (d) सभी सही हैं ।

**25.** अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िए तथा नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** शरिअत अधिनियम 1937 मुस्लिम विधि को स्पष्ट रूप से सभी मुस्लिमों पर लागू करता है ।

**कारण (R) :** इस अधिनियम ने मुस्लिमों के लिए लागू लगभग सभी प्रथाओं (कृषि भूमि से संबंधित को छोड़ कर) को निराकृत कर दिया है ।

**कूट** :

(1) (A) सही है और (R) गलत है ।

(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (R) सही है किंतु (A) गलत है ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही कारण है ।

**26.** दाम्पत्याधिकारों के प्रत्यास्थापन के उपचार का मूल् निम्नलिखित में से किसमें है :

(1) यहूदी कानून

(2) फ्रांसीसी कानून

(3) अंग्रेजी कानून

(4) भारतीय कानून



www.linkinglaws.com
For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**27.** Read Assertion (A) and Reason (R) and answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** A juvenile delinquent may have physical capacity to commit crime, while he has no contractual capacity to do so.

**Reason (R) :** According to Section-11 of the Indian Contract Act, a juvenile has no contractual capacity to commit crime.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are right and (R) is correct answer for (A).
(2) Both (A) and (R) wrong.
(3) (A) is wrong but (R) is right.
(4) Both (A) and (R) are right, but (R) is not correct answer for (A).

**28.** "Consideration means a reasonable, equivalent or other valuable benefit passed on by the transferor to the transferee. Similarly, when the word 'consideration' was qualified by the word 'adequate' it makes the consideration stronger so as to make it sufficient and valuable having regard to the facts, circumstances and necessities of the case."

Above Principle was laid down in

(1) Sonia Bhatia Vs State of U.P.
(2) LIC of India Vs Pushpa P. Mansukhani
(3) Dipraich Sugar Mills Ltd. Vs Mazdur Union
(4) A.B.C. Laminart Pvt. Ltd. Vs A.P. Agencies, Salem

**29.** Which of the following statements is right ?

(1) An agreement not to do an impossible act in itself is void.
(2) An agreement to do a possible act is void.
(3) An agreement to do an act impossible in itself is void.
(4) A contract to do an act, which after the contract is made, becomes impossible, or, by reason of some event which the promisor could not prevent to be unlawful, becomes valid, when the act becomes impossible or unlawful.

**30.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Remoteness of damage | (i) | Chief Secretary, State of Gujarat Vs Kothari and Associates |
| (b) | Proof of loss to be given to claim special damages | (ii) | Madras Railways Co. Vs Govind Rau |
| (c) | Loss of profit is special loss | (iii) | Karsandas H. Thacker Vs Saran Engg. Co. Ltd. |
| (d) | Consequences of delays in transit | (iv) | Union of India Vs Steel Stock Holders |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.linkinglaws.com
For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

LINKING LAWS
Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**27.** अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** एक किशोर अपचारी को अपराध करने की शारीरिक क्षमता हो सकती है जबकि उसे ऐसा करने की संविदात्मक क्षमता नहीं है ।

**कारण (R) :** भारतीय संविदा अधिनियम, की धारा 11 के अनुसार एक किशोर को अपराध करने की संविदात्मक क्षमता नहीं होती है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) के लिए सही उत्तर हैं ।
(2) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(3) (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) के लिए सही उत्तर नहीं है ।

**28.** "प्रतिफल" का अर्थ अंतरक द्वारा अंतरिती को प्रदान किया गया युक्तियुक्त समतुल्य या अन्य बहुमूल्य लाभ है । ठीक इसी प्रकार, जब "प्रतिफल" शब्द के अर्थ को पर्याप्त के द्वारा सीमित कर दिया जाता है तो यह प्रतिफल को अधिक दृढ़ बना देता है ताकि यह मामले के तथ्यों, परिस्थितियों और आवश्यकताओं के संबंध में पर्याप्त और मूल्यवान बन जाए ।

उपर्युक्त सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस मामले में नियमबद्ध किया गया ?

(1) सोनिया भाटिया बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(2) भारतीय जीवन बीमा निगम बनाम पुष्पा पी. मनसुखानी
(3) दिपराइच शुगर मिल्स लिमिटेड बनाम मजदूर यूनियन
(4) ए.बी.सी. लैमिनार्ट प्रा. लि. बनाम ए.पी. एजेन्सीज़, सलेम

**29.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही हैं ?

(1) कोई असंभव कृत्य नहीं करने का करार स्वयं में शून्य है ।
(2) कोई संभव कृत्य करने का करार शून्य है ।
(3) कोई कृत्य जो स्वयं में असंभव है को करने का करार शून्य हैं ।
(4) कोई कृत्य करने की संविदा जो संविदा करने के पश्चात् असंभव हो जाती है, या किसी घटना के कारण जिसे वचनदाता अवैध होने से नहीं रोक सकता तब वैध हो जाता है जब कृत्य असंभव अथवा अवैध हो जाता है ।

**30.** सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | क्षति की दूरस्थता | (i) | मुख्य सचिव, गुजरात राज्य बनाम कोठारी एन्ड एसोसिएट्स |
| (b) | विशेष क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए हानि का सबूत देना | (ii) | मद्रास रेलवे कम्पनी बनाम गोविन्द राव |
| (c) | लाभ की हानि विशेष हानि है । | (iii) | करसनदास एच.ठक्कर बनाम सरन इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड |
| (d) | पारगमन में विलम्ब के परिणाम | (iv) | भारत संघ बनाम स्टील स्टॉक होल्डर्स |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)
www.linkinglaws.com

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**31.** Which of the following aspects are the parts of undue influence ? Answer using codes given below :

(a) Inability to dominate will of other.

(b) A party unduly influencing and another party being unduly influenced are on equal footing.

(c) A relationship involving trust and confidence.

(d) In a relationship, one party is a person in mental distress.

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) and (b) only | (2) | (b) and (c) only |
| (3) | (c) and (d) only | (4) | (a) and (d) only |

**32.** Which of the following statements are wrong ? Answer using the codes given blow :

(a) Fraud renders a contract void.

(b) Misrepresentation renders a contract voidable.

(c) Misrepresentation is more or less an intentional wrong, whereas fraud may be quite innocent.

(d) Damages for loss caused by innocent misrepresentation are assessed on the same principles as in the case of a deliberate fraud.

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) and (c) only | (2) | (b) and (d) only |
| (3) | (a) and (d) only | (4) | (a) and (b) only |

**33.** Which one of the following statements is correct in relation to the law of torts in India ?

(1) It is based on morality that no one has a right to injure or harm other intentionally or even innocently.

(2) It is a civil wrong for which remedy is a common law action for liquidated damages.

(3) It is based on law which in the constitutional context means judicially developed equity, covers everything which is covered by a statute.

(4) It is an act and not omission suffered by a determinate person.

**34.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| **List-I (Defences in Tort)** | | **List-II (Related cases)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Volenti non fit injuria | (i) | Olga Tellis Vs Municipal Corporation, Bombay |
| (b) | Judicial acts | (ii) | Samira Kohli Vs Prabha Manchanda |
| (c) | Acts of State | (iii) | Anwar Hussain Vs Ajoy Kumar |
| (d) | Necessity | (iv) | Vinod Kumar Shantilal Gosalia Vs Gangadhar Narsinghadas Agarwal |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

LINKING LAWS
Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा पहलू अनुचित प्रभाव का भाग है ? नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

(a) दूसरे की इच्छा को अधिशासित करने की असमर्थता

(b) अनुचित रूप से प्रभावित करने वाला एक पक्ष और अनुचित रूप से प्रभावित हो रहा दूसरा पक्ष समतुल्य स्थिति में है ।

(c) भरोसा और विश्वास का संबंध ।

(d) इस संबंध में एक पक्षकार मानसिक कष्ट से पीड़ित व्यक्ति है ।

**कूट** :

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (b) और (c)

(3) केवल (c) और (d) (4) केवल (a) और (d)

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ? नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

(a) कपट एक संविदा को शून्य बना देता है ।

(b) दुर्व्यपदेशन एक संविदा को शून्यकरणीय बना देता है ।

(c) दुर्व्यपदेशन न्यूनाधिक साशय दोष है, जबकि कपट निरीहिता हो सकती है ।

(d) निरीह दुर्व्यपदेशन के कारण हुई क्षति की पूर्ति का मूल्यांकन उन्हीं सिद्धान्तों के आधार पर होता है जैसा कि जानबूझ कर किए गए कपट में होता है ।

**कूट** :

(1) (a) और (c) सिर्फ (2) (b) और (d) सिर्फ

(3) (a) और (d) सिर्फ (4) (a) और (b) सिर्फ

**33.** भारत में अपकृत्य विधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन एक सही है ?

(1) यह नैतिकता पर आधारित है कि किसी व्यक्ति को दूसरे को साशय या यहाँ तक कि अनभिज्ञता से भी चोट पहुंचाने या अपहानि करने का अधिकार नहीं है ।

(2) यह एक सिविल गलती है जिसके लिए परिनिर्धारित नुकसानी हेतु सामान्य कानूनी कार्रवाई उपचार है ।

(3) यह विधि पर आधारित है जिसका संवैधानिक संदर्भ में अर्थ न्यायिक रूप से विकसित समता है, संविधि द्वारा कवर किए गए हर चीज को कवर करता है ।

(4) यह एक कृत्य है न कि लोप और जो संकल्पित व्यक्ति द्वारा सहन किया गया है ।

**34.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (अपकृत्य में प्रतिवाद)** | | **सूची – II (संबंधित केस)** |
|---|---|---|---|
| (a) | वोलेन्टी नॉन फिट इन्ज्यूरिया | (i) | ओल्गा टेलिस बनाम म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, बम्बई |
| (b) | ज्यूडिशियल ऐक्ट्स | (ii) | समीरा कोहली बनाम प्रभा मनचंदा |
| (c) | ऐक्ट्स ऑफ स्टेट | (iii) | अनवर हुसैन बनाम अजय कुमार |
| (d) | आवश्यकता | (iv) | विनोद कुमार शांतिलाल गोसालिया बनाम गंगाधर नरसिंहदास अग्रवाल |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



www.linkinglaws.com
For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**35.** The police officers failed to observe the provisions of U.P. Police Regulations in taking care of the gold seized. The injury had been committed by the employees of the state during the course of its employment, but the employment was in special category of sovereign power, so the claim was not sustainable. It was held by the Supreme Court in

(1) Mohammad Murad Vs Govt. of U.P.
(2) Kasturilal Ralia Ram Jain Vs State of U.P.
(3) State of U.P. Vs Hindustan Lever Ltd.
(4) State of U.P. Vs Tulsiram

**36.** In which of the following cases the Supreme Court of India applied the principle of absolute liability ? Give answer by using codes below :

(a) M.C. Mehta Vs Union of India
(b) Charan Lal Sahu Vs Union of India
(c) Indian Council for Enviro Legal Action Vs Union of India
(d) M.C. Mehta Vs State of MP

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) and (d)
(2) (b), (c) and (d) only
(3) (c) and (d) only
(4) (a), (b) and (c) only

**37.** What remoteness of damage mean in relation to liability of defendant ?

(1) The defendant is not liable for all direct consequences of the tortuous acts if he could foresee them.
(2) Forseeability is no test of remoteness of damages.
(3) Liable in Law only for consequences which are not remote.
(4) Directness of the consequences is the only test for the remoteness of the damages.

**38.** Andhra Pradesh State Road Transport Corporation Vs K. Hemlatha and Municipal Corporation Greater Bombay Vs Laxman Iyer are important cases decided by the Supreme Court on the rule of

(1) Act of God
(2) Contributory Negligence
(3) Nuisance
(4) Trespass

**39.** Read the following Principle :

"There is always an imposed duty on a person to act on moral necessity to preserve one's life, yet there may be justifiable occasions of causing harm on innocent persons."

In the light of the above, in which of the following circumstances the accused can claim doctrine of self-preservation under the provisions of Sec. 81 of IPC ?

(1) When necessity is pleaded as a means of defence under sections 96 to 106.
(2) Self-preservation is not an absolute necessity, so killing the weaker is justifiable by the stronger.
(3) Arresting a drunken person moving in great danger at a public place.
(4) When there is no choice of evil affecting the accused.



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

LINKING LAWS
Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**35.** पुलिस अधिकारी जब्त किए गए सोनों का ध्यान रखने में उ.प्र. पुलिस विनियमों के प्रावधानों का पालन करने में विफल रहे, यह मानने में कोई कठिनाई नहीं थी कि जिस कार्य से क्षतिपूर्ति के लिए यह दावा उत्पन्न हुआ राज्य के कर्मचारियों के द्वारा उनके नियोजन के अनुक्रम के दौरान हुआ था किंतु नियोजन सम्प्रभु शक्ति की विशेष श्रेणी के अंतर्गत था, इसलिए यह दावा धारणीय नहीं है । उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय किस केस में दिया ?

(1) मोहम्मद मुराद बनाम उ.प्र. सरकार
(2) कस्तूरीलाल रालिया राम जैन बनाम उ.प्र. राज्य
(3) उ.प्र. राज्य बनाम हिन्दुस्तान लीवर लिमि.
(4) उ.प्र. राज्य बनाम तुलसी राम

**36.** निम्नलिखित में से किस केस में भारत के उच्चतम न्यायालय ने आत्यंतिक दायित्व के सिद्धान्त को लागू किया है ? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

(a) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ
(b) चरण लाल साहू बनाम भारत संघ
(c) इंडियन कौंसिल फोर एन्वायरो लीगल ऐक्शन बनाम भारत संघ
(d) एम.सी.मेहता बनाम म.प्र.राज्य

**कूट** :

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) केवल (b), (c) और (d)
(3) केवल (c) और (d)
(4) केवल (a), (b) और (c)

**37.** प्रतिवादी के दायित्व के संबंध में क्षतिपूर्ति की दूरस्थता का क्या अर्थ है ?

(1) प्रतिवादी अपकृत्यों के सभी प्रत्यक्ष परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं है यदि वह उनकी पूर्वकल्पना कर सकता था ।
(2) पूर्वकल्पनीयता क्षतिपूर्ति की दूरस्थता का कोई परीक्षण नहीं है ।
(3) कानून में केवल उन परिणामों के लिए उत्तरदायी है जो दूरस्थ नहीं हैं ।
(4) परिणामों का प्रत्यक्ष होना क्षतिपूर्ति की दूरस्थता के लिए एकमात्र परीक्षण है ।

**38.** आंध्रप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बनाम के. हेमलता और नगर निगम बृहत् बम्बई बनाम लक्ष्मण अय्यर महत्त्वपूर्ण केसों का निर्णय उच्चतम न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से किस नियम के अनुसार किया गया :

(1) दैवी कृत्य
(2) योगदायी उपेक्षा
(3) उपताप
(4) अतिचार

**39.** निम्नलिखित सिद्धान्त को पढ़िए :

"एक व्यक्ति पर यह सदैव अधिरोपित कर्त्तव्य है कि वह अपने जीवन के परिरक्षण के लिए नैतिक आवश्यकता के आधार पर कार्रवाई करे, फिर भी निर्दोष व्यक्तियों को अपहानि करने के न्यायोचित अवसर हो सकते हैं ।"

उपर्युक्त के आलोक में, निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में अभियुक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 81 के प्रावधानों के अंतर्गत आत्म-परिरक्षण के सिद्धान्त का दावा कर सकता है ?

(1) जब धारा 96 से 106 तक के अंतर्गत रक्षा के साधन के रूप में आवश्यकता का अभिवचन करता है ।
(2) आत्म परिरक्षण परम आवश्यक नहीं है, इसलिए बलशाली के द्वारा दुर्बल की हत्या न्यायोचित है ।
(3) सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक खतरा की ओर बढ़ रहे मतान्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करना ।
(4) जब अभियुक्त को प्रभावित करने वाली बुराई का कोई विकल्प नहीं है ।



For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal
(Linking Sir)

LINKING LAWS
Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**40.** In the absence of any cogent definition of unsoundness of mind, the world wide acceptance of its equivalent to insanity was propounded by
(1) Stephan
(2) Harris
(3) Kenny
(4) Davis

**41.** The underlying principle covering the law on 'consent' is based on absolute and unconditional prohibition on the gravity of the offence relating to :
(1) Simple hurt
(2) Death
(3) Theft from an unlocked house
(4) Submission for detaining indecent liberties

**42.** The right of private defence is not allowed in which of the facts leading to :
(1) The death was consequence of the assault.
(2) More harm was done than necessary.
(3) When the fact is clearly based on conjectures.
(4) When the fact reveals about imminent danger to self or property.

**43.** When a person tries to escape from lawful custody while being taken to a Magistrate to furnish security for good behaviour could be punished under the provision of
(1) Section 224 of IPC
(2) Section 225 of IPC
(3) Section 225A of IPC
(4) Section 225B of IPC

**44.** The distinction between intentional killing in hot blood and intentional killing when the blood was cool may be inferred through
(1) Provocation
(2) Self-control
(3) Passion
(4) Resentment

**45.** Read Assertion (A) and Reason (R) and answer using the codes given below :
**Assertion (A)** : In an illegal termination of workman the reinstatement of workman in service does not appear to be an acceptable option in all cases. The monetary compensation may sufficiently meet the ends of justice.
**Reason (R)** : The compensation in lieu of reinstatement is the normal rule.
**Codes :**
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal
(Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**40.** चित्त-विकृति की किसी तर्क पूर्ण परिभाषा के अभाव में, उन्मत्तता से इसकी समतुल्यता की विश्व व्यापी स्वीकार्यता का प्रतिपादन किसने किया था ?

(1) स्टीफन्स (2) हैरिस
(3) केनी (4) डेविस

**41.** 'सम्मति' संबंधी कानून को दायरे में समेटने वाले आधारभूत सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस अपराध की गंभीरता संबंधी परम और बिनाशर्त प्रतिषेध पर आधारित है

(1) साधारण उपहति (2) मृत्यु
(3) खुले हुए घर से चोरी (4) अशिष्ट स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए निवेदन

**42.** निम्नलिखित में से किस कारक तथ्य में निजी प्रतिरक्षा का अधिकार अनुमन्य नहीं है

(1) मृत्यु हमले का परिणाम था ।
(2) आवश्यकता से अधिक अपहानि की गयी ।
(3) जब तथ्य स्पष्ट रूप से प्रमाण रहित अनुमानों पर आधारित हो ।
(4) जब तथ्य स्वयं या सम्पत्ति के आसन्न खतरों के बारे में उद्घाटित करता है ।

**43.** जब एक व्यक्ति अच्छे व्यवहार के लिए जमानत प्रस्तुत करने मजिस्ट्रेट के पास ले जाते समय वैध हिरासत से भागने का प्रयास करता है तो उसे भा.द.स. की किस धारा के प्रावधानों के अंतर्गत दंडित किया जा सकता है ?

(1) धारा 224 (2) धारा 225
(3) धारा 225 A (4) धारा 225 B

**44.** क्रोध में साशय हत्या और शांत मन में साशय हत्या के बीच विभेद का निम्नलिखित में से किसके माध्यम से अनुमान लगाया जा सकता है ?

(1) प्रकोपन (2) आत्म नियंत्रण
(3) आवेश (4) रोष

**45.** अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** कर्मकार के सेवा की अवैध समाप्ति की स्थिति में कर्मकार की सेवा में बहाली सभी मालमों में स्वीकार्य विकल्प प्रतीत नहीं होती है । मौद्रिक क्षतिपूर्ति न्याय के उद्देश्य को पर्याप्त रूप से पूरा कर सकता है ।

**कारण (R) :** बहाली के बदले क्षतिपूर्ति एक सामान्य कानून है ।

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**46.** An arbitration award is binding on

(1) All parties to the dispute.

(2) All the workmen employed on the date of dispute and subsequent to the dispute.

(3) The parties to the arbitration agreement.

(4) All parties summoned to appear as parties to the dispute.

**47.** The Supreme Court referred the ILO instruments to reiterate the workers participation in the industrial process as enshrined in the constitution and other labour legislations in one of the following case :

(1) Chandra Bhavan Boarding & Lodging, Bangalore Vs State of Mysore

(2) Monogram Mills Ltd. Vs State of Gujarat

(3) University of Delhi Vs Ramnath

(4) K.V.S. Ravi Vs Bangalore Metropolitan Transport Corporation

**48.** Where an undertaking is closed for any reason whatsoever, every workman is entitled to compensation if such workman has been in the continuous service

(1) for not less than 90 days

(2) for not less than 6 months

(3) for not less than one year

(4) for not less than two years

**49.** "A strike could be legal or illegal and an illegal strike could be a justified one" was opined by Justice V.R. Krishna Iyer in one of the following case.

(1) Bharat Kumar K. Palicha Vs State of Kerala

(2) Gujarat Steel Tubes Vs Its Majdoor Sabha

(3) Monogram Mills Ltd. Vs State of Gujarat

(4) University of Delhi Vs Ramnath

**50.** A Seven Judges Bench of the Supreme Court exhaustively considered the scope of the definition 'Industry' and laid down the 'Triple test' in one of the following case :

(1) State of Bombay Vs Hospital Mazdoor Sabha

(2) University of Delhi Vs Ramnath

(3) Management of Safdurjung Hospital, Delhi Vs Kuldip Singh

(4) Bangalore Water Supply Vs A. Rayappa



For further info please Call ✆: 7737746465
Tansukh Paliwal (Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

**46.** माध्यस्थम् पंचाट किन पर बाध्यकारी है ?

(1) विवाद के सभी पक्ष ।

(2) विवाद के दिन और विवाद के पश्चात् नियोजित सभी कर्मकारों पर ।

(3) माध्यस्थम समझौता के पक्षों पर ।

(4) विवाद के पक्षों के रूप में हाजिर होने के लिए समन किए गए सभी पक्षों पर ।

**47.** उच्चतम न्यायालय ने संविधान और अन्य श्रम कानूनों में जैसा कि निहित है औद्योगिक प्रक्रिया में कर्मकारों की सहभागिता दोहराने के लिए आई.एल.ओ. लिखतों का निम्नलिखित में से किस केस में उल्लेख किया है ?

(1) चन्द्रभवन बोर्डिंग एण्ड लॉजिंग, बंगलौर बनाम मैसूर राज्य

(2) मोनोग्राम मिल्स लिमि. बनाम गुजरात राज्य

(3) दिल्ली विश्व विद्यालय बनाम रामनाथ

(4) के.वी.एस. रवि बनाम बंगलौर मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन

**48.** जहाँ एक उद्यम चाहे किसी भी कारण से बंद है, प्रत्येक कर्मकार क्षतिपूर्ति का हकदार है यदि वह कर्मकार निरंतर सेवा में रहा है :

(1) 90 दिन से कम नहीं

(2) 6 महीने से कम नहीं

(3) एक वर्ष से कम नहीं

(4) दो वर्षों से कम नहीं

**49.** "एक हड़ताल वैध या अवैध हो सकती हैं और एक अवैध हड़ताल न्यायोचित हो सकती है" यह विचार न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर द्वारा निम्नलिखित में से किस केस में व्यक्त किया गया था ?

(1) भरत कुमार के. पालिचा बनाम केरल राज्य

(2) गुजरात स्टील ट्यूब्स बनाम इसकी मजदूर सभा

(3) मोनोग्राम मिल्स लिमि. बनाम गुजरात राज्य

(4) दिल्ली विश्व विद्यालय बनाम रामनाथ

**50.** उच्चतम न्यायालय के सात न्यायाधीशों की पीठ ने "उद्योग" की परिभाषा की परिधि पर विस्तार पूर्वक विचार किया और निम्नलिखित में से किस केस में 'ट्रिपल टेस्ट' को नियमबद्ध किया ?

(1) बम्बई राज्य बनाम हॉस्पिटल मजदूर सभा

(2) दिल्ली विश्वविद्यालय बनाम रामनाथ

(3) सफदरजंग अस्पताल दिल्ली का प्रबंधन बनाम कुलदीप सिंह

(4) बंगलौर वाटर सप्लाई बनाम ए.रायप्पा



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal
(Linking Sir)

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam

Space For Rough Work

www.linkinglaws.com



For further info please Call ✆ : 7737746465
Tansukh Paliwal
(Linking Sir)